जनपद बाराबंकी

दिनांक- 14.04.2025

थाना देवा पुलिस टीम द्वारा 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर 02 बाल अपचारी को संरक्षण में लिया गया, कब्जे से चोरी किया गया 01 अदद टुल्लू पम्प, 02 बण्डल तांबे का तार व नकदी बरामद-

थाना देवा पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 14.04.2025 को मु0अ0सं0 216/2025 धारा 305(a) बीएनएस में वांछित अभियुक्त अब्दुल सलाम पुत्र मुंशी निवासी जवाहिरपुर मजरे पहाड़पुर थाना देवा जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया तथा दो बाल अपचारी को संरक्षण में लेकर कब्जे से 01 अदद टुल्लू पम्प, 02 बण्डल तांबे का तार व 200/-रुपये नकद बरामद किया गया।

पूछतांछ एवं जांच से ज्ञात हुआ कि दिनांक 07.04.2025 को दोनों बाल अपचारी द्वारा थाना देवा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कोनागांव मजरे भगौती में स्थित रूपयोग तारा फार्म से टुल्लू पम्प व एग्जास्ट पम्प की मोटर चोरी कर मित्तई में कबाड़ की दुकान चलाने वाले अभियुक्त अब्दुल सलाम पुत्र मुंशी निवासी जवाहिरपुर मजरे पहाड़पुर थाना देवा जनपद बाराबंकी को बेंच दिया गया था तथा मोटर से निकाले गये तांबे के तार को चलते फिरते एक अंजान कबाड़ी को बेंच दिया गया था। उक्त सम्बन्ध में थाना देवा पर मु0अ0सं0 216/2025 धारा 305(a) बीएनएस पंजीकृत है। उक्त बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी।

नामपता गिरफ्तार अभियुक्त-

1. अब्दुल सलाम पुत्र मुंशी निवासी जवाहिरपुर मजरे पहाड़पुर थाना देवा जनपद बाराबंकी
2. दो नफर बाल अपचारी

बरामदगी-

1. एक अदद टुल्लू पम्प
2. दो बण्डल तांबे का तार
3. 200/-रुपये नकद (तार बेंचने से प्राप्त रुपये)

पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अजय कुमार त्रिपाठी थाना देवा जनपद बाराबंकी
2. उ0नि0 श्री अखिलेश कुमार प्रजापति थाना देवा जनपद बाराबंकी
3. हे0का0 रामरतन थाना देवा जनपद बाराबंकी
4. का0 अमरनाथ थाना देवा जनपद बाराबंकी
5. का0 शैलेन्द्र कुमार थाना देवा जनपद बाराबंकी